तापमान

अधिकतम 14.0 डिग्री
न्यूनतम 9.0 डिग्री

हरिभूमि

# हिसार भूमि

रोहतक, रविवार 28 जनवरी 2024



14 इंडस स्कूल के नेशनल बॉक्सिंग चैंपियन आरव ने फहराया तिरंगा





13 एचएयू के दो पूर्व वैज्ञानिकों को पद्मश्री मिलना गौरव का पल







# सबका साथ सबका विकास
# मोदी है तो गारन्टी है।

## जो राम का नहीं हमारे काम का नहीं
## जो राष्ट्र प्रेम से भटक गया
## परिवारवाद में अटक गया
## भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण में लटक गया।
## अब वो भारतीयों की आंखों में खटक गया।



नाड़ी वैद्य कायाकल्प

नाड़ी वैद्य कायाकल्प के संस्थापक
विश्वप्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य ''वैद्य सत्यप्रकाश आर्य''

## समस्या रोग नहीं है अंग्रेजी दवा है, इसे बदलिए
## आयुर्वेद व पंचकर्म चुनिए

- आप खांसी या निमोनिया के लिए गए दमा बना दिया
- आप दर्द को दूर करने के लिए गए - बी.पी., गठिया, रोगों से लड़ने की ताकत समाप्त हो गई। दवाओं ने काम करना बंद कर दिया।
- आप गैस कब्ज को दूर करने के लिए गए थे हर्नियां, Hiatus Hernia, इनगुआइनल, अम्बाइलिकल हार्निया, माइग्रेन के रोगी बन गए।
- अनिन्द्रा व डिप्रैशन को दूर करने के लिए गए - नपुंसकता, अशक्तता, घबराहट, बेचैनी के रोगी बन गए।
- मोटापा दूर करने के लिए गए - डिप्रेशन व झाईयों से ग्रस्त हो गए

**आपके रोगों का कारण दूर न होने की बजाय आप इनके एंटी बैक्टिरियल व एंटी वायरस के शिकार बनते चले गए परिणास्वरूप अनेकों रोगों के घर बन गए।**

**पंचकर्म व आयुर्वेदिक औषधियों की सहायता से शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर आपके सभी रोगों का स्थाई समाधान होता है।**

शुगर / पीलिया | कब्ज/ बी.पी. | माइग्रेन / सर्वाइकल | ऐसीडीटी/ डिप्रेशन | टाइफाइड/ नंपुसकता

सदा दवाओं का प्रयोग करना या औषधि का काम न करना मुख्य कारण है। हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता (Immunity Power) का खत्म हो जाना इसलिए रोजाना घटनाएं घटित हो रही हैं अचानक Heart Failure या Kidney Failure, Liver Cirosis Hepatitis B-C, Cancer

**अब कोई घबराने की आवश्यकता नहीं?** आयुर्वेदिक इलाज व जानकारी के लिए संपर्क करें 8595-299-299, 7428-299-299

### डॉक्टर
#### एलोपैथी चिकित्सा

**जांच :** इलोपैथी डॉक्टर पैथोलॉजी रिपोर्ट के आधार पर जो उन्होंने रिसर्च किया है। उसी को आधार बनाकर बैक्टिरिया व रोग को जानता है।

**पीलिया :** इस पद्धति में टेस्ट रिपोर्ट के आधार पर केवल Bilirubin Test के आधार पर पीलिये को निश्चित करता है।

**टायफाइड :** एलोपैथिक केवल Vidal (+) होने पर ही टायफायइड मानता है। कई बार देखा गया है (Vidral+) होने पर भी आयुर्वेदिक लक्षण को नहीं बताता।

**शुगर :** एलोपैथी में शुगर केवल Type-1, Type-II होती है, जो केवल Insulin पर आधारित है जो लक्षणों से रहित है।



जब पंचकर्म व आयुर्वेदिक औषधि,
अनुभवी वैद्य नाड़ी वैद्य कायाकल्प संस्थान में आपके पास उपलब्ध है।
जन्म के पश्चात होनने वाले प्रत्येक रोग ठीक हो जाता है।
इस चरक के सिद्रांत को नाड़ी वैद्य कायाकल्प संस्थान ने सिद्ध किया है।
जिसका देश-विदेश से हजारों-लाखों लोग फायदा उठाकर
स्वस्थ जीवन जी रहे हैं।

**आप भी जीवन का आनन्द प्राप्त करिए, आप भी स्वस्थ व दीर्घायु बनिए**

**आप देश भर में कहीं से भी घर बैठे कोरियर द्वारा दवा मंगवा सकते हैं।**

### नाड़ी वैद्य
#### आयुर्वेदिक चिकित्सा

नाड़ी वैद्य नाड़ी देखकर रोग, दोष व दुष्य को जानता है। दर्शन, स्पर्शन व प्रश्न के द्वारा रोग को सुनिश्चित करता है। वैद्य सत्यप्रकाश आर्य पिछले 40 वर्षों से आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा नाड़ी देखकर असाध्य रोगों का इलाज कर रहे हैं, इसलिए घबराएं नहीं रोगों को जड़ से समाप्त करवाने के लिए नाड़ी वैद्य कायाकल्प पर आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज करवाए। वैद्य जी नाड़ी देखकर रोग का कारण जानते हैं, फिर दवा पंचकर्म और परहेज से इसे समूल नष्ट करते हैं।

**नाड़ी दिखाने के लिए आप रोजाना आ सकते हैं रोहतक (हरियाणा) नांगलोई (दिल्ली)**

नाड़ी वैद्य कायाकल्प

**रोहतक** हुड्डा सेक्टर-1 की दूसरी पुलिया के सामने, नजदीक दिल्ली बाईपास,रोहतक (हरियाणा)
नाड़ी देखने का समय : प्रात 7 से सुबह 11:30 बजे तक
पंचकर्म : सुबह 7 से सायं 5 बजे तक

**दिल्ली** नजदीक नारायण धर्म कांटा, सोम बाजार-बुध बाजार रोड, नांगलाई-नजबगढ़ रोड, महाराजा अजमिढ़ भवन, नांगलोई (दिल्ली)
नाड़ी देखने का समय : दोपहर 1 से सायं 5:00 बजे तक
(बुधवार को अवकाश रहेगा)

आप हमारे YouTube चैनल NADI VAIDYA KALAKALP पर जाकर देखिए आयुर्वेद द्वारा सभी रोगों का घरेलू उपचार

आयुर्वेद में नये व पुराने रोगों का घरेलू इलाज जानने के लिए स्कैन करें।

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें 8595-299-299, 7428-299-299**

For more details : visit our website : **www.nadivaidyakayakalp.in**

Follow us :

## खबर संक्षेप

### गणतंत्र दिवस पर किसानों ने की ट्रैक्टर परेड

**हिसार।** मुआवजा व बीमा 2020 से 2023 का बकाया, 2022 का 72 गांवों का पूरा मुआवजा, बीमा कंपनी पर धोखाधड़ी का केस दर्ज करने, कपास नरमा की खरीद समर्थन मूल्य पर शुरू की जाए, आवारा पशुओं पर रोक व पशु मेले खोलने के लिए किसानों का संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में लघु सचिवालय के सामने धरना शनिवार को भी जारी रहा।

### मानसिक रूप से परेशान बुजुर्ग ने निगला जहरीला पदार्थ

**हिसार।** शहर के कैमरी रोड स्थित ढाणी में रहने वाले 60 वर्षीय जयसिंह की भूलवश जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। घटना के समय वह घर पर अकेला ही था। परिवार के सदस्य घर पहुंचे तो जयसिंह बेहाश पडा मिला। उसे नजदीक ही निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

### एचकेएसडी में गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम

**हिसार।** नागोरी गेट स्थित एचकेएसडी गर्ल्ज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में छात्रों ने देशप्रेम को व्यक्त करते हुए नृत्य, कविता पाठ, भाषण व नारे प्रस्तुत किये। गणतंत्र दिवस की महत्ता को बखूबी दर्शाया गया।

### ऑफिस पर फायर करने का आरोपित गिरफ्तार

**हिसार।** पीएलए चौकी पुलिस ने जवाहर नगर स्थित हरि मंदिर रोड स्थित श्रीराम प्रोपर्टी ऑफिस के शीशे पर फायर करने के मामले में चुली खुर्द निवासी संदीप को गिरफ्तार किया है। एएसआई विनोद ने बताया कि सात जनवरी को पुलिस चौकी में श्री राम प्रोपर्टी ऑफिस के शीशे में गोली लगने के बारे में सूचना मिली।

### आभूषण चोरी के मामले में दो लोग गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस की एबीवीटी पुलिस टीम ने बस स्टेंड से सोने के आभूषण चोरी के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें महावीर कॉलोनी निवासी कर्मबीर व सुभाष शामिल है। मुख्य सिपाही राकेश कुमार ने बताया कि बस स्टेंड पुलिस चौकी में महिला हेमलता ने शिकायत दर्ज कराई थी।

### पीटने के मामले में परिजनों ने दिया धरना

**हिसार।** निकटवर्ती गांव मलापुर में ढोल बजाकर आजीविका मांग रहे एक युवक व उसकी दो बहनों को एक दंपति ने डंडो से पीटा। घायल भाई बहनों को नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस संबंध में एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें महिला और एक व्यक्ति तीनों पर डंडे बरसाते हुए नजर आ रहे हैं। शनिवार को घायलों के परिजनों व अन्य ने नागरिक अस्पताल में धरना दिया और आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की। भीम आर्मी के संतलाल ने बताया कि अग्रोहा क्षेत्र के रहने वाले तीनों भाई-बहन को मलापुर गांव में गए थे।

---

राजकीय महिला महाविद्यालय में अंतर जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी

# 21 महाविद्यालयों के छात्रों ने किए 81 मॉडल प्रस्तुत

विज्ञान व प्रोद्योगिकी विद्यार्थियों में जिज्ञासा का वैज्ञानिक दीपक जलाने में अहम : डॉ. वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

राजकीय महिला महाविद्यालय में ह्यअंतर जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनीह्न का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में 21 कॉलेजों से कुल 81 टीमों ने भाग लिया और अपने ज्ञान, परिश्रम और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में केमिस्ट्री, फिजिक्स, बॉटनी, जूलॉजी, कंप्यूटर साइंस, जियोग्राफी व मनोविज्ञान विषयों के विद्यार्थियों ने अपने मॉडल प्रदर्शित किए। कार्यक्रम में लुवास के कुलपति प्रो. डॉ. विनोद कुमार वर्मा मुख्य अतिथि रहे। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रमेश आर्य ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अन्य गणमान्य प्रबुद्धजनों का स्वागत किया।

मुख्य अतिथि विनोद कुमार वर्मा ने कहा कि वर्तमान समय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का है, जो व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के पूरक है। इसलिए हमें सभी विद्यार्थियों को इस प्रकार की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित करना चाहिए। यह प्रदर्शनी प्रतिभागियों में जिज्ञासा का वैज्ञानिक दीपक जलाने का कार्य करने के साथ साथ विभिन्न वैज्ञानिक अवधारणाओं, सिद्धांतों एवं उनके अनुप्रयोग के पथ पर एक चिंतनशील यात्रा को बढ़ावा देगी। अतिथियों ने सभी विभागों के मॉडलों का अवलोकन किया और प्रतिभागियों का हौंसला बढ़ाया।



हिसार। अपने प्रमाण पत्रों के साथ विजेता प्रतिभागी। फोटो :हरिभूमि

### कंप्यूटर विज्ञान में बरवाला की टीम रही प्रथम

*'प्यूटर विज्ञान में राजकीय महाविद्यालय, बरवाला की टीम ने प्रथम, राजकीय महिला महाविद्यालय, हिसार की टीम ने द्वितीय व राजकीय महाविद्यालय, हिसार की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। केमिस्ट्री में राजकीय महाविद्यालय, हिसार की टीम ने प्रथम, एफसी महिला महाविद्यालय, हिसार की टीम द्वितीय व राजकीय महिला महाविद्यालय, हिसार की टीम तृतीय स्थान पर रही।*

### यह रहे उपस्थित

*इस अवसर पर समाजसेवी निहाल सिंह, एसपी चालिया, शिवचरण, अजय आर्य, रामफल, पवन कुमार, दिलबाग सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सत्येंद्र यादव ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों का धन्यवाद किया।*

### बॉटनी में महिला कॉलेज की टीम रही प्रथम

*बॉटनी में राजकीय महिला महाविद्यालय हिसार की टीम प्रथम, राजकीय महाविद्यालय हिसार द्वितीय व राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा की टीम तृतीय रही। भूगोल विभाग में राजकीय महाविद्यालय, नलवा की टीम प्रथम, राजकीय महाविद्यालय, डबवाली, की टीम द्वितीय एवं राजकीय महिला महाविद्यालय, हिसार की टीम तृतीय स्थान पर रही। मनोविज्ञान में राजकीय महाविद्यालय, हिसार की टीम प्रथम, राजकीय महिला महाविद्यालय, हिसार की टीम द्वितीय व सीएमके, सिरसा की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।*

---

# आजादी दिलाने वाले शहीदों, सेनानियों व उनके परिवार को सम्मान देना हमारा कर्तव्यः सिहाग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौंद

गणतंत्र दिवस के अवसर पर नारनौंद उपमंडल परिसर में बरवाला हलके के विधायक जोगीराम सिहाग ने राष्ट्रीय ध्वज फहरा करके परेड की सलामी ली। इस मौके पर विधायक सिहाग ने कहा कि देश को आजाद करवाने वाले स्वतंत्रता सेनानियों तथा उनके परिजनों को सम्मान देना हमारा पहला कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक दिन है जो देशवासियों को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ाने की साहस और प्रेरणा दिलाता है। ध्वजारोहण करने के उपरांत उन्होंने पुलिस, एनसीसी तथा स्काउट गाइड के टुकड़ियों का निरीक्षण किया। मार्च पास्ट की सलामी ली। कार्यक्रम में स्कूलों के विद्यार्थियों ने हरियाणवी संस्कृति पर कार्यक्रम पेश किए। कार्यक्रम में मंच संचालन अरुण लोहान ने किया। इस अवसर पर एसडीएम सोनू भट्ट, तहसीलदार मोहम्मद खान, तहसीलदार जितेंद्र कुमार, ईश्वर सिंघवा, जिला पार्षद राजेंद्र चहल, गरिमा शर्मा मौजूद थे।



नारनौंद। छात्रों को सम्मानित करते हुए विधायक जोगीराम सिहाग व आईएएस अधिकारी सोनू भट्ट। फोटो :हरिभूमि

### कृविवि के गिरी सेंटर में गणतंत्र दिवस मनाया



**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गिरी सेंटर में शुक्रवार को 75वां गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बतौर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज रहे। उनके साथ धर्मपत्नी एवं कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी मौजूद रही। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग कार्यक्रम, कविता व भाषण प्रस्तुत किए गए।

## बरवाला शहर में उपमंडल स्तर पर मनाया गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बरवाला

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नहर कोठी के प्रांगण में गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि विधायक रामकुमार गौतम द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली गई। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में एसडीएम विजया मलिक, नायब तहसीलदार रविंद्र शर्मा व डीएसपी गौरव शर्मा मौजूद रहे और मंच संचालन हरियाणवी चुटकुला सम्राट मास्टर आजाद सिंह बनभौरी ने किया। इस समारोह में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल उकलाना और दूसरा स्थान राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक झांकी में प्रथम स्थान महिला बाल विकास विभाग और दूसरा स्थान कृषि विभाग तथा तृतीय स्थान वन विभाग ने प्राप्त बरवाला तथा तृतीय स्थान आरोही मॉडल स्कूल गैबीपुर ने प्राप्त किया। परेड में प्रथम स्थान गैलेक्सी इंटरनेशनल स्कूल राजली और दूसरा स्थान पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बहबलपुर तथा तृतीय स्थान ब्रिटिश इंटरनेशनल स्कूल ढाणी खानबहादुर ने प्राप्त किया। झांकी में प्रथम स्थान महिला बाल विकास विभाग की रही।

---

## आरडीएम स्कूल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस




*उकलाना। आरडीएम सरस्वती पब्लिक स्कूल में 75वें गणतंत्र दिवस पर समारोह आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ आरडीएम ग्रुप ऑफ एजुकेशन के निदेशक डॉ. केसी शर्मा ने विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों के साथ तिरंगा फहराकर व राष्ट्रगान गाकर किया। डॉ. शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिन हमारे लिए बहुत ही गौरवशाली है। इस दिन हमारे स्वतंत्र भारत का संविधान लागू किया गया। प्रधानाचार्या डॉ. शालूएस कटारिया ने विद्यार्थियों को बताया कि यदि हम अपने कर्तव्यों का पालन ईमानदारी से करते हैं तो ही हम अपनी आजादी को कायम रख सकते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों व नृत्य से दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया।*

## गांव चलो अभियान के तहत भाजपा की कार्यशाला

■ गांव-गांव जाएंगे कार्यकर्ता योजनाओं की देंगे जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी है। इसी के तहत पार्टी ने गांव चलो अभियान के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ की अध्यक्षता में व अभियान के जिला संयोजक कृष्ण सरसाना के संयोजन में हुई इस कार्यशाला में सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अभियान की सफलता बारे विस्तार से चर्चा की। जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश में तीसरी बार भाजपा को सत्ता में लाने के प्रति कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। गांव चलो अभियान के प्रदेश सह संयोजक वेद फूलां ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव में सभी 10 लोकसभा सीटें जीतने के लिए हमें कार्य करना है। उन्होंने अभियान बारे विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के तहत हिसार जिला के लगभग 1300 बूथों पर 24 घंटे के प्रवास पर कार्यकर्ता जाएंगे जहां पार्टी की गरीब कल्याण योजनाओं को घर-घर पहुंचाया जाएगा। इसी क्रम में मंडल कार्यशाला एक व दो फरवरी को निश्चित की गई है।

कार्यशाला में जिला महामंत्री एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया व प्रवीण पोपली, चेयरमैन ईश्वर मालवाल, वरिष्ठ नेता श्रीनिवास गोयल, महावीर प्रसाद महिपाल, रणधीर पनिहार, पूर्व विधायक वेद नारंग, सरोज सिहाग सहित जिला पदाधिकारी, मोर्चों के अध्यक्ष, प्रकोष्ठों के संयोजक, मंडलों के अध्यक्ष व महामंत्री, पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।



हिसार। कार्यशाला का शुभारंभ करते जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़, वेद फूलां एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

### प्रधानमंत्री मोदी के सपनों को साकार करने का आह्वान

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान विश्वविद्यालय में गर्व और उत्साह के साथ 75वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन वर्ष 1950 में हमें अपना संविधान मिला और हमारा भारत महान एक गणतंत्र देश बना। डॉ. वर्मा ने लुवास कर्मचारियों तथा छात्रों को आह्वान करते हुए कहा कि हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को साकार करने के लिए चाहिए कि हम शिक्षा तथा विज्ञान के क्षेत्र में नई उचाइयों को छुए तथा आने वाले समय में राजस्व उत्पत्ति, उद्यमिता विकास, पशुपालन व्यवसाय में नये स्टार्टअप की स्थापना इत्यादि के लिए भरसक प्रयत्न करें, जो हमारे देश की उन्नति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

---

## जेबीटी अध्यापक आत्महत्या मामले में 6 पर मजबूर करने का केस दर्ज

■ आरोपित मांग रहे थे 20 लाख परेशान होकर निगला जहर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

जिले के गांव मंगाली सुरतिया निवासी जेबीटी टीचर की आत्महत्या मामले में पुलिस ने छह आरोपितों पर आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज किया है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया। बताया जा रहा है कि मंगाली सुरतिया में रहने वाले जेबीटी टीचर ने फसल बीमा धोखाधड़ी मामले में 20 लाख रुपये मांगे जाने पर जहर खाकर आत्महत्या कर ली। जेबीटी टीचर राजेंद्र का नाम धोखाधड़ी मामले में आया था। वह अग्रिम जमानत पर था लेकिन इस मामले में अन्य आरोपी उस पर 20 लाख रुपये देने का दबाव दे रहे थे। आजाद नगर थाना पुलिस ने मृतक के साले सदलपुर निवासी विकास की शिकायत पर विनोद, सतपाल, साहिल, विक्की, रामकिशन व विरेंद्र उर्फ काला के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है। सदलपुर निवासी विकास ने पुलिस को बताया कि वह खेती बाड़ी का काम करता है। उसकी बहन कविता की शादी वर्ष 2004 में मंगाली सुरतिया के राजेन्द्र के साथ हुई थी। उसका जीजा राजेन्द्र जेबीटी मास्टर के पद पर गांव हरिकोट में लगा हुआ था। उसके जीजा की जानकारी हरिकोट निवासी विनोद व सतपाल से हुई। शिकायतकर्ता के अनुसार, कुछ समय बाद विनोद व सतपाल ने जीजा को गांव रोहनात में फसल बीमा करवाने के बारे में कहा। फिर जीजा राजेंद्र ने सतपाल व विनोद को अपने साथ लगे जेबीटी टीचर देवेन्द्र से मिलवाया। फिर विनोद व सतपाल ने फर्जी कागजात तैयार करके फसल बीमा किसानों से वसूल लिया। धोखाधड़ी का केस दर्ज करवाया था।

### लुवास में प्रशिक्षण का हुआ समापन

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग में 36वें आईसीएआर, सेंटर ऑफ एडवांस फैकल्टी ट्रेनिंग (कैफट) का प्रशिक्षण कार्यक्रम का शनिवार को समापन हुआ। इस प्रशिक्षण का आयोजन कुलपति डॉ विनोद कुमार वर्मा के नेतृत्व में किया गया। इस 21 दिवसीय पाठ्यक्रम के दौरान भारतवर्ष से 8 राज्यों के 15 वैज्ञानिकों को पशुधन स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए आधुनिक निदान और नियंत्रण दृष्टिकोण पर प्रशिक्षित किया गया। मुख्य अतिथि पशु चिकित्सा महाविद्यालय, लुवास के अनुसंधान निदेशक डॉ. नरेश जिंदल, पाठ्यक्रम के निदेशक डॉ. राजेश छाबड़ा, समन्वयक डॉ. अंशुल लाठर आदि मौजूद रहे।

## मृत पशुओं को लेकर गोरक्षा दल का हंगामा

■ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर किया मामला शांत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हांसी

चारकुतुब गेट के नजदीक मृत पशुओं की खाल उतारने व उनको काटे जाने की सूचना गो रक्षक दल व आसपास ले लोग मौके पर पहुंचे और मृत पशुओं को काटने व उनकी खाल उतारने पर आक्रोश जताया। सूचना मिलने पर डीएसपी धीरज कुमार, शहर थाना प्रभारी व पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। डीएसपी धीरज ने दोनों पक्षों को बात सुनने के बाद कहा कि वे इस संदर्भ में एसडीएम मोहित महराणा तथा नगर परिषद के ईओ राजाराम से इस बारे में बात करेंगे और मृत पशुओं को दफनाने के लिए अलग स्थान का प्रबंध करवाने के लिए प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक मृत पशुओं को डालने के स्थान की व्यवस्था की जाती है तब तक इस प्रकार से मृत गायों को भी काटा नहीं जाना चाहिए। इससे पूर्व घटना की जानकारी देते हुए गौ रक्षा दल के सदस्य अंकित ने बताया कि उन्हें फोन पर सूचना मिली थी कि चारकुतुब गेट के समीप एक घेर में मृत पशु की खाल उतार कर उनको काटा जा रहा हैं। गौ रक्षा दल के सदस्य को यहां आते देख कर मौके से फरार हो गए। जिसके गोरक्षक दल के सदस्यों ने डॉयल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी।



हांसी। मृत पशुओं को काटे जाने की सूचना पर मौके पर पहुंचे डीएसपी धीरज।

---

## जिंदल स्टेनलेस ने मनाया 75वां गणतंत्र दिवस

**हिसार।** जिंदल स्टेनलेस ने 75वें गणतंत्र दिवस का जश्न मनाते हुए भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय ध्वज फहराने से हुई जिसके बाद जिंदल स्टेनलेस के सुरक्षाकर्मियों द्वारा परेड की गई। इस आयोजन की शोभा बढ़ाई भारतीय थल सेना के जवानों ने, जिनके द्वारा पाइप बैंड की शानदार झलक देखने को मिली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं इकाई प्रमुख विजय कुमार बिंदलिश ने अपने उद्बोधन में दर्शकों को जिंदल स्टेनलेस द्वारा डिजिटलीकरण, हरित ऊर्जा एवं देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लिए गए प्रयास एवं कंपनी की प्रतिबद्धता के बारे में बताया। साथ ही बिंदलिश ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रोतागणों को नेक नीयत एवं स्पष्टवादिता के मार्ग पर चलते हुए देश निर्माण में अपना पूर्ण योगदान देने हेतु प्रेरित भी किया। देशभक्ति से सराबोर इस कार्यक्रम में चार चांद लगाते हुए आदर्श कालोनी के निवासियों द्वारा एक नाटक की प्रस्तुति भी इस गणतंत्र दिवस समारोह का हिस्सा रही। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही पुरस्कार वितरण समारोह का भी आयोजन हुआ।



भाजपा सरकार ने व्यवस्था को बदलने का काम किया

## हांसी में सांसद बृजेंद्र ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हांसी

राजकीय महाविद्यालय सहित पूरे उपमंडल में 75वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। महाविद्यालय में आयोजित मुख्य समारोह में सांसद बृजेंद्र सिंह ने समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को फहराया, परेड का निरीक्षण किया तथा मार्च पास्ट की सलामी ली। इससे पूर्व उन्होंने लाल सड़क स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी तथा बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर सांसद बृजेंद्र सिंह ने कहा कि 75 वर्ष पहले आज ही के दिन हमारा संविधान लागू हुआ था आज यह ऐतिहासिक दिन देशवासियों को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणा देता है।



हांसी। गणतंत्र दिवस पर शहीद के परिजनों को सम्मानित करते सांसद बृजेन्द्र सिंह।

### स्वतंत्रता सेनानियों तथा शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित

गणतंत्र दिवस समारोह में स्वतंत्रता सेनानी अमरनाथ, भगवान सिंह, गोपाल सिंह, दले राम, चंदगीराम व चंदन सिंह के परिजनों तथा शहीद राजवीर सिंह की माता विमला देवी, महेंद्र सिंह के पुत्र कृष्ण कुमार, महावीर सिंह की धर्मपत्नी सावित्री देवी तथा चंद्रशेखर की धर्मपत्नी सुशीला देवी को सम्मान स्वरूप शॉल व चद्दर भेंट कर सांसद बृजेंद्र सिंह ने सम्मानित किया।

## सर्वेश हेल्थ सिटी में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**हिसार।** सर्वेश हेल्थ सिटी में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर तिरंगा फहराकर शहीदों को याद किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में चेयरमैन डॉ. उमेश कालरा ने हॉस्पिटल स्टाफ मैनेजमेंट एवं डॉक्टर्स को गणतंत्र दिवस की बधाइ दी। लॉर्ड कृष्णा स्कूल के डायरेक्टर सुधीर वरमानी मुख्य रूप से कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पहुंचे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि देश की सेवा सरहद पर जवान तो कर ही रहे हैं, डॉक्टर भी इस सेवा में पीछे नहीं है। लोगों की जान बचाना भी देश सेवा का ही कार्य है। इसके लिए मैं सभी डॉक्टर्स और सर्वेश अस्पताल को बधाई देता हूं। डॉ. कालरा ने कहा कि सभी देश एवं प्रदेशवासियों को बधाई देता हुआ कि हमारा देश प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। हम सब को भी इस प्रगति में कदम से कदम मिलाकर देश के प्रति अपने कर्तव्यों को समझते हुए आगे बढ़ना है।



## खबर संक्षेप

### हांसी में पुलिस वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर टेप

**हांसी।** हांसी पुलिस द्वारा शीतकाल में घने कोहरे के कारण सड़कों पर विजिबिलिटी कम होने व सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ने के मद्देनजर जिले भर में ट्रैक्टर ट्रालियों, छोटे-बड़े व कॉमर्शियल वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए जाने के लिए चलाया जा रहा विशेष अभियान शनिवार को भी जारी रहा। हांसी पुलिस द्वारा वाहनों में रिफ्लेक्टर टेप लगाए जा रहे है।

### साइबर क्राइम व नशे के खिलाफ किया जागरूक

**हांसी।** ग्रामीण भ्रमण कार्यक्रम के तहत डीएसपी धीरज कुमार ने शनिवार को ढाणी सांकरी व ढाणी गुजरान गांवों का दौरा कर ग्रामीणों को साइबर सुरक्षा व नशे के खिलाफ जागरूक किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए डीएसपी धीरज कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा साइबर क्राइम व नशे के विरुद्ध मुहिम चलाई जा रही है और हम सभी भी चाहते हैं कि हमारा राज्य हरियाणा नशे से मुक्त हो।

### खिराज थाकन ने स्कूल में लगवाया वाटर कूलर

**उकलाना।** भैरी अकबरपुर निवासी खिराज थाकन ने अपने छोटे भाई स्व. दिलीप सिंह थाकन की याद में गांव के राजकीय प्राथमिक पाठशाला को वाटर कूलर भेंट किया।

### डिप्टी सीएम 2 फरवरी को सुनेंगे समस्याएं

**नारनौंद।** जननायक जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष अमित बूरा ने की। इसमें हलके के विभिन्न गांवों में उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के कार्यकर्मों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अमित बूरा ने बताया कि आगामी 2 फरवरी को उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला द्वारा हलके के गांव मिर्चपुर, मिलकपुर, खेड़ी जालब व कापड़ो आदि गांवों में जनसभाएं की जाएंगी तथा लोगों की समस्याओं को सुना जाएगा। बैठक में ईश्वर सिंधवा, ओमप्रकाश, अमरजीत मलिक, पार्षद सुनील माजरा, कुलबीर डिल्लू आदि मौजूद थे।

### बैटरी चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

**हिसार।** अनाज मंडी चौकी पुलिस ने अनाज मंडी में खड़ी गाड़ी से बैटरी चोरी के मामले में लांधडी निवासी विक्रम को गिरफ्तार किया है। मुख्य सिपाही सुनीता ने बताया कि अनाज मंडी चौकी में मोहित गर्ग ने अनाज मंडी में खड़ी उसकी गाड़ी से बैटरी चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। शिकायत पर केस दर्ज करके पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए विक्रम को गिरफ्तार कर चोरीशुदा बैटरी और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है।

### स्कूटी चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** कोर्ट कॉम्पलेक्स चौकी पुलिस ने राजगढ़ नहर के पास से स्कूटी चोरी के मामले में नवदीप कॉलोनी निवासी सौरभ को गिरफ्तार करके चोरीशुदा स्कूटी बरामद की है। कोर्ट कॉम्पलेक्स चौकी में सेक्टर 16-17 हिसार निवासी अशोक कुमार ने राजगढ़ रोड नहर के पास से उसकी स्कूटी चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। एएसआई संजय कुमार ने बताया कि शिकायत पर जांच करते हुए पुलिस ने सौरभ को गिरफ्तार कर चोरीशुदा बरामद की है।

---

### विवि के एल्युमिनाई एवं मेजर जनरल प्रमोद को मिला विशिष्ट सेना मेडल

# एचएयू के दो पूर्व वैज्ञानिकों को पदमश्री मिलना गौरव का पल

विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक लगातार किसानों की आर्थिक दशा को मजबूत करने के लिए प्रयासरत है

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के दो पूर्व वैज्ञानिकों डॉ. हरिओम व डॉ. रामचंद्र सिहाग को पदमश्री अवार्ड से सुशोभित होने पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बधाई व शुभकामनाएं दी। साथ ही भविष्य में भी इसी प्रकार किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए अपनी सेवाएं जारी रखने की कामना भी की। कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक लगातार किसानों की आर्थिक दशा को मजबूत करने के लिए प्रयासरत है। डॉ. हरिओम ने प्राकृतिक खेती व डॉ. रामंचद्र सिहाग ने मधुमक्खी पालन विषय बेहतरीन सेवाएं देकर किसानों को न बल्कि प्रशिक्षित किया अपितु उनके स्वरोजगार इकाई को स्थापित करने में अपनी अहम भूमिका अदा की। इसके अलावा उपरोक्त विश्वविद्यालय के



हिसार। डॉ. राजेश गंगवा को सम्मानित करते मंत्री डॉ. बनवारी लाल। *फोटो: हरिभूमि*



पदमश्री अवार्ड पाने वाले डॉ. हरिओम।



पदमश्री अवार्ड पाने वाले डॉ. रामचंद्र सिहाग।

एल्युमिनाई एवं मेजर जनरल प्रमोद बतरा को विशिष्ट सेना मेडल मिला है। डॉ. हरिओम ने 36 साल तक हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में समर्पण व ईमानदारी के साथ अपनी सेवाएं दी। प्रोफेसर रामचंद्र सिहाग अंतरराष्ट्रीय स्तर के शिक्षाविद् है। उन्होंने नवंबर 1979 से जनवरी 2012 तक हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दी, जिनमें 1979 से 1988 तक उन्होंने विशेष रूप से मधुमक्खी पालन विषय पर अपना अहम योगदान दिया।

### क्लोन निर्माता डॉ. राजेश गंगवा को मिला पशु चिकित्सा क्षेत्र का सर्वोच्च सम्मान

**हिसार।** हिसार का नाम एक बार फिर गौरवांवित हुआ है। केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. राजेश गंगवा का नाम हरियाणा प्रदेश के पशु चिकित्सा क्षेत्र में सर्वोच्च पुरस्कार के लिए चयनित हुआ। हिसार स्थित सीआईआरबी के प्रतिष्ठित वेटनरी ऑफिसर डॉ. राजेश गंगवा और उनकी टीम की अनवरत यात्रा को नया आयाम मिला है। नजदीकी गांव गंगवा के रहने वाले डॉ. राजेश ने शनिवार को बताया कि यकीनन यह ऐसी विशिष्ट उपलब्धि है जिससे उनकी टीम को और अधिक ऊर्जा एवं उत्साह से कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। इस पुरस्कार के तहत उन्हें एक प्रशस्ति पत्र और एक ट्राफी प्रदान की गई।

#### डॉ. गंगवा की उपलब्धि

केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान (सीआईआरबी) के वैज्ञानिकों ने उच्च नस्ल के झोटे एम-29 के सात क्लोन कटड़े तैयार किए हैं। इसके साथ ही वर्ष 2015 में तैयार किए गए क्लोन कटड़े हिसार गौरव के सेल से एक री-क्लोन भी तैयार किया गया है।

---

# चौधरी मित्रसेन आर्य को दी श्रद्धांजलि

- अच्छे कर्मों से भाग्य को बदला जा सकता है: डॉ. एकता

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। चौधरी मित्रसेन की याद में हवन करते स्कूल स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी।

इंडस आरपीएस पब्लिक स्कूल में शनिवार को इंडस ग्रुप के संस्थापक स्वर्गीय चौधरी मित्रसेन आर्य जी को हवन में आहुति डालकर व पुष्पार्पित कर श्रद्धांजलि दी। उनके चित्र पर प्रधानाचार्या, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। विद्यालय की संस्थापिका डॉ. एकता सिंधु ने कहा कि पिताजी का मानना था कि अच्छे कर्मों से भाग्य को बदला जा सकता है। हमें पिताजी के पदचिह्नों पर चलकर उनके सपनों को सकार करेंगे,यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर कक्षा सातवीं की छात्रा दर्शिका ने वैदिक पथ के पथिक चौधरी मित्रसेन आर्य जी की जीवनी एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उसने बताया कि चौधरी मित्रसेन आर्य भारत के प्रसिद्ध उद्योगपति, समाससेवी, आर्य समाजी तथा हिन्दी दैनिक हरिभूमि के संस्थापक थे। उन्होंने युवाओं को चरित्रवान व गुणवान बनाने के लिए तकनीकी व उच्च शिक्षा के लिए अनेक शिक्षण संस्थाओं की स्थापना की। चौधरी साहब ने उड़ीसा के बीहड़ जंगलों से लेकर घने पहाड़ों में शिक्षा की अलख जगाते हुए गुरुकुल, विद्यालयों, महाविद्यालयों, बीएड कॉलेज, इंजीनियरिंग सहित कई शिक्षण संस्थाओं का निर्माण करवाया। अनेक कठिनाइयों के होते हुए भी वे आत्मविश्वास के साथ सफलता की सीढ़ियां चढ़ते चले गए। कड़ी मेहनत व धैर्य के बाद चौधरी मित्रसेन आर्य ने उड़ीसा, बिहार और छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध उद्योगपतियों में न केवल अपनी अलग पहचान बनाई, बल्कि उन्होंने कर्मचारियों को अच्छा वेतन देकर जन कल्याण का नया रास्ता खोला। जीवन पर्यन्त परोपकार एवं परहित के आदर्श पर चलने वाले और समाज को एक दिशा और दृष्टि देने वाले चौधरी मित्रसेन जी भौतिक रुप से आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके विचार, कार्य और उनकी दृष्टि युगों-युगों तक भावी पीढ़ी के लिए एक प्रेरणास्त्रोत रहेगी। दुनिया में कुछ ही विरले लोग ऐसे होते हैं जो अपने सतकर्मों के पदचिह्न छोड़ जाते हैं। जो दूसरों के लिए हमेशा अनुकरणीय होते हैं। चौधरी मित्रसेन ऐसे व्यक्तित्व के धनी थे। वे जीवनभर हमारे लिए मिसाल एवं प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे। ऐसे व्यक्तित्व की कमी समाज में हमेशा बनी रहती है। हमें ऐसे व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए।

## हमारी सांस्कृतिक धरोहर को भी दृढ़ता से वे आगे बढ़ा रहे मोदी : कुलदीप बिश्नोई

**हिसार।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश जहां एक ओर निरंतर विकास की बुलंदियों को छू रहा है, वहीं दूसरी ओर हमारी सांस्कृतिक धरोहर को भी दृढ़ता से वे आगे बढ़ा रहे हैं। अयोध्या में राम मंदिर में भगवान श्रीराम की प्राण



प्रतिष्ठा समारोह सभी भारतवासियों के लिए गौरवमयी और भावनात्मक पल था। 500 वर्षों के इंतजार, अनेक बलिदानों और लंबे संघर्ष के बाद अगर अयोध्या में राम मंदिर की स्थापना हो पाई है तो वह प्रधानमंत्री जी के दृढ़ संकल्प के कारण ही। कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि आज देश के हर चौक-चौराहे से लेकर देश के हर सियासी गलियारे में लोग राम मंदिर की चर्चा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री का विजन है कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में खड़ा किया जाए।

---



हांसी। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते स्कूल इंचार्ज अंकित तायल व अन्य।

## एकलव्य स्पोर्ट्स स्कूल सिसाय के पांच तलवारबाजों ने जीते 4 स्वर्ण व 3 कांस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

सिसाय स्थित एकलव्य स्पोर्ट्स स्कूल सिसाय के 5 तलवारबाज शुक्रवार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 में 7 पदक जीतकर लौटे। पदक विजेता खिलाड़ियों का स्कूल पहुंचने भव्य स्वागत किया गया। यह जानकारी देते हुए स्कूल इंचार्ज अंकित तायल एकलव्य स्कूल की छात्रा पलक सिहाग ने इपी इवेंट में स्वर्ण, विनय बामल ने सैबर इवेंट में स्वर्ण, राहुल सिहाग ने फॉयल इवेंट में स्वर्ण, अभिषेक सिहाग ने सैबर इवेंट में एक स्वर्ण और एक कांस्य जीता। वहीं देवराज सिहाग ने इपी इवेंट में 2 कांस्य पदक जीते। तायल ने बताया की पिछले साल नेशनल टूनामेंट्स में स्कूल के सिर्फ 6 बच्चों ने भाग लिया था जिसमें से 4 बच्चों ने मैडल जीते थे लेकिन इस बार स्कूल के 67 विद्यार्थी विभिन्न नेशनल टूनामेंट्स में भाग लेंगे।

## उद्योगपति सीताराम ने हरियाणा व देश का मान बढ़ाया : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

नलवा के ग्रामीणों ने उद्योगपति सीताराम जिंदल को पद्मविभूषण सम्मान की घोषणा पर खुशी जताई है। सरपंच सुशील कौशिक ने कहा कि सीताराम जिंदल का उद्योग एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

इसकी बदौलत उन्हें यह अवार्ड दिया जा रहा है। इससे न केवल देश-प्रदेश बल्कि हिसार एवं जिंदल के पैतृक गांव नलवा वासियों को उनको गर्व है। जिंदल को अवॉर्ड मिलने की खुशी में नलवा गांव में ग्रामीण एकत्र हुए एवम मिठाई



हिसार। नलवा में सीताराम जिंदल को अवॉर्ड मिलने पर खुशी जताते ग्रामीण।

बांटकर बधाई दी। इस अवसर पर दान सिंह, रघुबीर दहिया, कमल कौशिक, रामचंद्र वर्मा, सुभाष घड़वाल, वजीर, रोशन, महेंद्र नंबरदार, अजीत कस्वां, रमेश फौजी, दलबीर, रमेश राबिया, पृथ्वी, चांदीराम, जयभगवान शर्मा, सुरेंद्र सिंह प्रिंसिपल, सोनू वर्मा, शंकर, मोनिका, सुमन आदि मौजूद थे।

## बाइक चोरी के मामले में दूसरा आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

सदर पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में दूसरे आरोपित नियाणा निवासी अभिषेक उर्फ पुरली को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी मुख्य सिपाही देवेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी अभिषेक उर्फ पुरली ने 7 दिसंबर को रायपुर चौक स्थित वेस्टर्न पैलेस से मोटरसाइकिल चुराया था।

इसके बारे में न्यू गीता कॉलोनी निवासी मंगल सिंह ने थाना सदर में मोटरसाइकिल चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपित गांव नियाना निवासी आशीष को गिरफ्तार करके चोरी शुदा मोटरसाइकिल बरामद किया था। मुख्य सिपाही देवेंद्र ने बताया कि आरोपित अभिषेक उर्फ पुरली ने 7 दिसंबर को रायपुर चौक स्थित वैस्टर्न पैलेस से मोटरसाइकिल चुराया और आशीष को बेच दिया। उसे पुलिस ने आशीष की गिरफ्तारी उपरांत बरामद किया है। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपी अभिषेक उर्फ पुरली से एक अन्य मोटरसाइकिल बरामद किया है जिसे इसने अर्बन एस्टेट से चोरी किया था। पुलिस ने इस मामले में आरोपित द्वारा चुराए गए दो मोटरसाइकिल बरामद किए हैं।

---

## कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू

- कलश यात्रा में रास्ते भर गाये गये भजनों पर श्रद्धालु झूमे

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

श्री कृष्ण प्रणामी महिला सत्संग मंडल, महावीर कॉलोनी-चंदुलाल गार्डन के तत्वाधान में वाटर वर्क्स के सामने शिव चौक महावीर कॉलोनी में शनिवार से श्रीमद भागवत कथा शुरू की गई।

कथा के पहले दिन श्री श्याम मंदिर, शिव चौक से कथा स्थल तक कलश यात्रा निकाली गई। बैंड बाजों के साथ रथ पर सवार स्वामी राज दास महाराज कैमरी वाले के सान्निध्य में निकाली गई कलश यात्रा में रास्ते भर गाये गये भजनों पर श्रद्धालु झूमते रहे। कथा के



हिसार। महाबीर कॉलोनी में निकली कलश यात्रा में शामिल महिलाएं।

पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। 2 फरवरी तक चलने वाली कथा में स्वामी राजदास महाराज रोजाना दोपहर बाद 2:00 बजे से 5:00 तक प्रवचन देंगे।

### अस्पताल के वार्ड से फोन चोरी के मामले में एक काबू

**हिसार।** अर्बन एस्टेट थाना पुलिस ने जिंदल अस्पताल के वार्ड से मोबाइल फोन चोरी के मामले में आरोपी सेक्टर 1-4 निवासी अमित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित से दो मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। मुख्य सिपाही जगदीप ने बताया कि आरोपी अमित ने 20 जनवरी की रात में जिंदल अस्पताल के वार्ड से दो मोबाइल फोन चोरी किए। इसके बारे में मंगाली आकलान निवासी रमेश कुमार ने थाना अर्बन एस्टेट में शिकायत दी थी। शिकायत पर केस दर्ज के पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया है। बाइक के बारे की गई जांच में सामने आया कि उसने वह मोटरसाइकिल काली देवी मंदिर हांसी से चोरी किया है जिसके बारे में थाना शहर हांसी में केस दर्ज है।

## बच्चों को वितरित की गर्म जर्सियां

हरिभूमि न्यूज ⏭बरवाला

समाजसेवी संस्था लायन्स क्लब बरवाला सिटी के तत्वावधान में गांव बधावड में स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला के प्रांगण में गर्म जर्सी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद वाइस चेयरमैन प्रतिनिधि समुद्र बूरा ने शिरकत की और विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक समिति चेयरमेन प्रतिनिधि अनूप घनघस व सरपंच प्रतिनिधि सुनील बूरा मौजूद रहे।

इस कार्यक्रम में 150 जरूरतमंद बच्चों को सर्दी से बचाव के लिए गर्म जर्सी का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि वाइस चेयरमैन प्रतिनिधि





बरवाला। गर्म जर्सी वितरण कार्यक्रम में उपस्थित लायन्स क्लब पदाधिकारी व स्कूल स्टाफ। *फोटो: हरिभूमि*

समुद्र बूरा ने अपने संबोधन में लायंस क्लब बरवाला सिटी द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की।

इस अवसर पर प्रधान रोशन घनघस, प्रोजेक्ट चेयरमेन राजेश घनघस, डॉ. एसएस बेनीवाल, नवीन काठपाल, कुलदीप कुंडू, शिवकुमार कौशिक, जिले सिंह, दीपक गुप्ता, वेद बूरा, सुदर्शन ढांडा, बलजीत मोर व बनी सिंह आदि मौजूद रहे।

---

## जजपा हिसार हलका प्रधान ने की कार्यकारिणी की घोषणा

- हलका हिसार कार्यकारिणी में ईश्वर पूनिया, मुकेश सैनी, सतबीर मुगेरिया को उपप्रधान की जिम्मेवारी सौंपी

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला, राष्ट्रीय संगठन सचिव राजेंद्र लितानी, प्रदेशाध्यक्ष सरदार निशान सिंह, जिला प्रभारी मा ताराचंद, जिलाध्यक्ष अमित बूरा से विचार विमर्श के उपरान्त हिसार हलका प्रधान तरूण गोयल ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए इसकी घोषणा की है। तरूण गोयल ने बताया कि हलका हिसार कार्यकारिणी में ईश्वर पूनिया, मुकेश सैनी, सतबीर मुगेरिया को उपप्रधान की जिम्मेवारी सौंपी गई है। इसके अलावा नितिन पपनेजा प्रधान महासचिव, ओमप्रकाश कुंडू, अमित ठकराल, बलजीत सिंधु व नवीन बरेठ महासचिव, राजकुमार श्योराण, मुकेश गोयल, रोबिन गोयल, राजेश जिंदल, केसरी नंद को सचिव बनाया गया है। कार्यकारिणी में राहुल अग्रवाल कोषाध्यक्ष, अजय चन्नी प्रवक्ता, आशीष सेतिया संगठन सचिव, अंजनी गोयल आईटी कोर्डिनेटर तथा अशोक शर्मा, कपिल गर्ग, अनुज जैन, हेमंत खत्री व संजीव यादव को सह सचिव बनाया गया है।

### शिविर में 80 युवाओं ने किया रक्तदान, 80 यूनिट रक्त किया एकत्रित

# दुनिया में रक्तदान ही सबसे बड़ा दान : विनोद भयाना

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

भारत विकास परिषद की शाखा हांसी द्वारा सुभाष ड्रामेटिक क्लब में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में 80 यूनिट रक्त एकत्रित की गई। कार्यक्रम में विधायक विनोद भयाना ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि दुनिया में रक्तदान सबसे बड़ा दान है। क्योंकि आपके द्वारा किए रक्तदान से किसी अनजान व्यक्ति के जीवन बचाया जा सकता है। और





हांसी। रक्तदान शिविर में भाग लेने वाले रक्तदाताओं को सम्मानित करते विधायक विनोद भयाना। *फोटो: हरिभूमि*

रक्त का कोई विकल्प भी नहीं है। उन्होंने भारत विकास परिषद द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह संस्था समाज के विकास कार्य में अपनी अहम भूमिका निभा रही है।

### अग्रसेन भवन में रक्तदान शिविर आयोजित

**हिसार।** श्रीश्याम सेवा परिवार के संस्थापक स्वर्गीय अशोक बंसल के जन्मदिन पर अग्रसेन भवन में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। संस्था के प्रधान सुरेन्द्र बागड़ी ने बताया कि रक्तदान शिविर का शुभारंभ संस्था से जुड़े अंजनी कुमार खारियावाला, बजरंग दास गर्ग, तरुण जैन, एन. के. गोयल, दीपक गर्ग झज्जर वाले, प्रतीक बंसल, गजानंद गर्ग ने किया। शिविर मे अनेक लोगों ने रक्तदान किया। संस्था के प्रधान सुरेंद्र बागड़ी ने बताया कि 28 जनवरी को दोपहर सवा 2 बजे से छठ श्री श्याम विशाल महोत्सव एवं भंडारा आयोजित किया जाएगा जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक नंदू भैया के अलावा अनेक गायक श्याम बाबा का गुणगान करेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत विकास परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष कमलेश गर्ग ने की जबकि कार्यक्रम संयोजक धर्मवीर रतेरिया, जगदीश धमीजा और निशा आहुजा थे। धर्मवीर रतेरिया ने बताया कि रक्तदान शिविर में अमरजीत लोहान ने 126 वीं बार और अश्वनी पोपली ने 35 वीं बार रक्तदान किया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष कश्मीरी लाल मनचंदा, सचिव श्रीचंद आहूजा, केमिस्ट प्रधान अमिताभ भटनागर, सचिन गुलशन, रेनू खुराना, दयानंद मेहता, कमल किशोर शास्त्री, सतबीर कौशिक, भरत सिंह, नरेंद्र वर्मा, प्रेम खुराना, डॉ वीरेंद्र आहुजा, केएल ग्रोवर, प्रमोद ठकराल, सुभाष गर्ग, रमेश गुप्ता, उर्मिला वत्स, सविता भारद्वाज, आशा धमीजा, वीना गर्ग आदि उपस्थित थे।

## सदियों की प्रतीक्षा अभूतपूर्व धैर्य, अनगिनत बलिदान, त्याग और तपस्या के बाद स्थापित हुआ राम मंदिर : डॉ. बनवारी लाल

# जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 75वां गणतंत्र दिवस

### सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने महाबीर स्टेडियम में जिला स्तरीय समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया, ली परेड की सलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा है कि सदियों की प्रतीक्षा और अभूतपूर्व धैर्य, अनगिनत बलिदान, त्याग और तपस्या के बाद हमारे प्रभु श्री राम का मंदिर अयोध्या में स्थापित हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों के फलस्वरूप अयोध्या में श्री राम मंदिर के भूमिपूजन के बाद से प्रतिदिन पूरे देश में उमंग और उत्साह बढ़ता ही जा रहा है।

भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से देशवासियों को सदियों के धैर्य की धरोहर के रूप में श्रीराम का मंदिर मिला है। डॉ. बनवारी लाल यहां के महाबीर स्टेडियम में आयोजित जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी लेने उपरांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में सहकारिता समारोह में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, भव्य परेड का प्रदर्शन किया गया तथा सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। सहकारिता मंत्री ने कहा कि हम सब उन अनगिनत राम भक्तों के, उन अनगिनत कारसेवकों के और उन अनगिनत संत महात्माओं के भी ऋणी हैं, जिनकी मेहनत व संघर्ष से हमें राम मंदिर मिला है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर सहित संविधान सभा के सदस्यों द्वारा लिखित संविधान के कारण ही हम सभी को समान न्याय, स्वतंत्रता एवं समानता का अधिकार मिला। इससे पूर्व सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों व सैन्य अधिकारियों के साथ लघु सचिवालय स्थित शहीद स्मारक पर जाकर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को नमन किया।






हिसार। परेड की सलामी लेते डॉ. बनवारी लाल व सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### निगम में उप निगम आयुक्त ने फहराया तिरंगा

नगर निगम कार्यालय के प्रांगण में 75वें गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उप निगम आयुक्त वीरेंद्र सहारण उपस्थित रहे और मंच का संचालन क्लर्क चन्द्रशेखर ने किया। उप निगम आयुक्त वीरेंद्र सहारण ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर एक्सईएन संदीप सिहाग, एसडीओ साहिल कुमार, एमई संदीप बेनीवाल, जेई रामदिया शर्मा, जेई प्रवीण चौहान, जेई मंदीप कुमार सहित नगर निगम की विभिन्न शाखाओं के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 'नाटक मैं अटल हूं' का आयोजन

गणतंत्र दिवस के मौके पर रियाज अकादमी की ओरसे रियाज स्टूडियो में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जीवन पर आधारित नाटक मैं अटल हूं का आयोजन किया गया। ये आयोजन कला एवं संस्कृति विभाग हरियाणा सरकार के सहयोग से किया गया। मोक्ष आश्रम की संस्थापक पंकज संधीर इसमें मुख्य अतिथि रहीं। इस नृत्य नायिका में अटल जी की कविता कदम मिलाकर चलना होगा, ताजमहल, चोर सिपाही, ठन गई, गीत नया गाता हूं का प्रयोग हुआ है।

### भाजपा कार्यालय में मनाया गणतंत्र दिवस

भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने पार्टीजनों एवं आम नागरिकों से आह्वान किया है कि वे एकजुटता दिखाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार बनाने में अपना योगदान दें। डॉ. आशा खेदड़ भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण के बाद पार्टीजनों से बातचीत कर रही थी। इस अवसर पर माटी कला बोर्ड के चेयरमैन ईश्वर मालवाल, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण बिश्नोई, जिला मंत्री संजीव रेवड़ी व कृष्ण खटाना, जिला मीडिया प्रमुख राजेंद्र सपड़ा, अनिल केरों महेंद्र सिंह पानू, पूर्व पार्षद अशोक मित्तल, सतीश सुरलिया व कृष्ण सरसाना सहित अन्य पार्टीजन उपस्थित रहे।

### लाडवा पंचायत नेविजेताओं को किया सम्मानित

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाडवा में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि सरपंच रामफल पूनिया ने राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। लाडवा गौशाला प्रधान आनद राज ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिकरत की। स्कूल शारीरिक शिक्षा के प्रवक्ता परमेंद्र मलिक ने बताया कि अंडर-19 स्कूल नेशनल गेम्स हैंडबॉल स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी ललित, प्रवीण, अमित को ग्राम पंचायत लाडवा द्वारा ट्रैक शूट देकर सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत लाडवा द्वारा स्कूल प्रिंसिपल फूलवती लांबा, हैंडबॉल कोच अशोक पूनिया, महावीर पूनिया व प्रदीप जांगड़ा को भी सम्मानित किया गया।

### न्यायिक परिसर में गणतंत्र दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

जिला न्यायालय परिसर में 75वें गणतंत्र दिवस के मौके पर न्यायालय परिसर में हिसार बार की मेजबानी में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश मित्तल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिसार बार के प्रधान विनय बिश्नोई व मंच का संचालन बार के सचिव गौरव बैनीवाल ने किया। इस मौके पर बार के उप प्रधान विनोद कस्वां, सहसचिव प्रवीण नैन, कोषाध्यक्ष दिकशेष जाखड़, मनदीप बिश्नोई, मोहित अरोड़ा, श्याम गोदारा, हरी सिंह यादव, संदीप बूरा आदि मौजूद थे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भव्य प्रस्तुति

गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुशीला भवन की छात्राओं ने हरियाणवी डांस प्रस्तुत किया, जो प्रथम स्थान पर रहा।

### इन लोगों को किया गया सम्मानित

गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले 16 लोगों को सम्मानित किया गया। इनमें एसआई सुरेंद्र तथा मनोज कुमार, एएसआई रविंद्र तथा सत्यवान, रक्तदाता चरण सिंह सैनी, भीख नहीं किताब दो नहीं संस्था से कुमारी अनू चीनिया, डॉ. शिल्पा कंबोज, डॉ. मुकेश कुमार आर्य, बलजीत सिंह, डॉ. राजेश कुमार, मुकेश बंसल, विनोद कुमार, संदीप कुमार, आशीष, सुरेंद्र तथा अमन को मुख्य अतिथि ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर मंडलायुक्त गीता भारती, उपायुक्त उत्तम सिंह, पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, अतिरिक्त उपायुक्त नीरज, एसीयूटी अर्पित सांगल, एएसपी प्रतीक गहलोत, एचएसएएमबी के जोनल एडमिनिस्ट्रेटर विकास यादव, जिला परिषद के सीईओ अश्वीर नैन, एसडीएम जयवीर यादव, सीटीएम राजेश खोथ, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त प्रीतपाल, सहित आदि थे।

# इंडस स्कूल के नेशनल बॉक्सिंग चैंपियन आरव ने फहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

गणतंत्र दिवस के अवसर पर इंडस आरपीएस पब्लिक स्कूल के नेशनल बॉक्सिंग चैंपियन आरव पिलानिया को ध्वजा फहराने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। खेलों में उसकी उल्लेखनीय उपलब्धि ने उसे यह विशेषाधिकार दिलाया, जो उत्कृष्टता और समर्पण का प्रतीक है। विद्यालय की संस्थापिका डॉ. एकता सिंधु ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम राठी ने छात्र आरव को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ खेलों पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। विद्यालय में एक भव्य खेल अकादमी का निर्माण किया गया है जिसमें विद्यार्थी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। विशेष प्रशिक्षण के साथ आधुनिक खेल उपकरण और सुविधाएं उपलब्ध है। सभी खेलों की ट्रेनिंग विशेष कोच द्वारा दी जाती है। स्विमिंग प्रशिक्षक के साथ बच्चे स्विमिंग पूल का आनंद लेते हैं। मैदान में बच्चे, क्रिकेट, फुटबाल, ऊंची कूद जैसे खेल खेलते हैं। खेलने से हमारे शरीर की शक्ति बढ़ती है और हम तंदुरुस्त रहते हैं।



हिसार। इंडस आरपीएस पब्लिक स्कूल में तिरंगा फहराते नेशनल बॉक्सिंग चैंपियन आरव पिलानिया व स्कूल स्टाफ।

## जीजेयू में कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने किया ध्वजारोहण

हिसार। गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय में ध्वजारोहण किया। इस मौके पर उनकी धर्मपत्नी डॉ. वंदना बिश्नोई व विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर भी उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वाले कर्मचारियों, सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों, एनसीसी केडेटस, एनएसएस के स्वयंसेवकों तथा दौड़ प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को सम्मानित किया। मंच संचालन उपनिदेशक जनसम्पर्क डॉ. बिजेन्द्र दहिया ने किया।



हिसार। सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागियों को सम्मानित करते कुलपति। फोटो : हरिभूमि




